तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 15 दिसंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

स्काउट गाइड के सम्मेलन में आगामी गतिविधियों को लेकर बनी रणनीति

4



## खबर संक्षेप

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सिटी क्लब बनी विजेता

**जांजगीर-चांपा।** सिटी क्लब वॉलीबॉल मैदान में स्वर्गीय बहादुर लाल राठौर की स्मृति में श्रद्धांजलि कप वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 12 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच सिटी क्लब जांजगीर और मड़वा वॉलीबॉल क्लब के बीच खेला गया। मडवा वालीवाल ग्रुप टीम को सिटी क्लब जांजगीर ने 3- 0 के सीधे सेट पर हराकर श्रद्धांजलि कप पर कब्जा किया। इस टूर्नामेंट में मैन ऑफ़ द सीरीज भीम श्रीवास रहे। बेस्ट बूस्टर का खीताब प्रत्यूष नेमी, बेस्ट इसमेंसर यश सिंह डिफेंडर वाशु राठौर, ब्लॉकर तनु रहे। इस आयोजन में दीपक चखियार, भगवान दास, लोकेश राठौर जिला पंचायत सदस्य विवेक सिसोदिया, रामविलास राठौर, अजीत सिंह राणा, भागवत राठौर, प्रताप राठौड़, गोपाल राठौर, अनुराग टिंकू शुक्ला, आशीष राठौर मिंटू राठौर पिंटू राठौर सहित वॉलीबॉल खिलाड़ी उपस्थित रहे। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन अनिल राठौड़ ने और आभार प्रदर्शन विवेक सिसोदिया ने किया।

### जिले में प्रारंभ होगा ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल

**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के सतत प्रयास व अनुशंसा से जांजगीर-चाम्पा जिला के दो स्थानों पर वाहन चालक प्रशिक्षण केन्द्र (ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल) प्रारंभ होगा। इसकी सुविधा क्षेत्र अंचल व जिले के आम जनता को प्राप्त होगी। इस प्रशिक्षण केन्द्र के माध्यम से लोगों को सुरक्षित और जिम्मेदार ड्राइविंग, रक्षात्मक ड्राइविंग तकनीक, आत्मविश्वास में वृद्धि, सड़क नियमों का ज्ञान, व्यावहारिक कौशल, आपातकालीन स्थितियों की तैयारी, जागरूकता के साथ जिम्मेदार और सक्षम ड्राइवर बनने का प्रशिक्षण प्राप्त होता है। छ.ग. शासन द्वारा इसकी स्वीकृति प्राप्त हो गई है। उक्त जानकारी परिवहन मंत्रालय से छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल को प्राप्त हुई है। उन्होंने इसके लिए विगत अनेक वर्षों से प्रयासरत थे। उन्होंने मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री व प्रभारी मंत्री से भेट कर इस आशय का ज्ञापन सौंपा था तथा अनेकों बार शासन व प्रशासन को पत्र भी प्रेषित किया था।

### राजमिस्त्री को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**जांजगीर-चांपा।** महात्मा गांधी नरेगा श्रमिकों को कौशल विकास से जोड़कर उन्हें स्थायी आजीविका उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा एक प्रभावी पहल की गई है। प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) योजना के स्वीकृत निर्माण कार्यों हेतु दक्ष एवं प्रशिक्षित मिस्त्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रोजेक्ट उन्नति के तहत पात्र श्रमिकों को 30 दिवसीय आवासीय रूरल मेसन ट्रेनिंग प्रदान की जा रही है। यह प्रशिक्षण भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, जांजगीर द्वारा जनपद पंचायत पामगढ़ में संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के समुचित संचालन में मनरेगा प्रभारी सहायक परियोजना अधिकारी गौरव शुक्ला एवं कार्यक्रम अधिकारी सौरभ शुक्ला द्वारा सतत सहयोग प्रदान किया जा रहा है। मनरेगा के तहत विगत वर्षों में 60 मानव दिवस कार्य पूर्ण करने वाले 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के ग्रामीण श्रमिकों का चयन इस प्रशिक्षण के लिए किया गया है। 11 दिसंबर से प्रारंभ इस आवासीय प्रशिक्षण में श्रमिकों को प्रधानमंत्री आवास निर्माण स्थलों पर प्रत्यक्ष कार्य कराते हुए मिस्त्री कौशल का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षणार्थियों को संस्थान की ओर से निःशुल्क सेफ्टी किट, जिसमें हेलमेट, सेफ्टी बेल्ट एवं आवश्यक मिस्त्री उपकरण आदि का वितरण किया गया ताकि वे सुरक्षित एवं दक्ष तरीके से निर्माण तकनीक सीख सकें।

वर्ष 2016 में 49 लाख रुपए की मिली है प्रशासकीय स्वीकृति

# रैन बसेरा के लिए नौ साल बाद भी जमीन नहीं तलाश पाई शहर सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर में रैन बसेरा निर्माण के लिए अब तक पालिका प्रशासन द्वारा जमीन का चिन्हांकन नहीं किया जा सका है, जबकि इसके लिए 2016 में लगभग 49 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति भी मिल गई है। भवन नहीं होने के कारण खासकर गरीब तबके के लोग इधर-उधर भटकते नजर आते हैं।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर में जिला बनने के 27 वर्ष बाद भी रैन बसेरा का निर्माण कार्य शुरू तक नहीं हो पाया है। बताया जाता है कि पालिका प्रशासन के द्वारा अब तक जमीन का चयन तक नहीं किया गया है। राज्य शासन के निर्देश पर शहरी क्षेत्रों में रहने वाले ऐसे बेघर लोग एवं दूर-दराज से कामकाज कराने जिला मुख्यालय पहुंचे लोगों के लिए रैन बसेरा का निर्माण कार्य किया जाना है। शहर में रैन बसेरा बनाने के लिए राज्य शासन के नगरी प्रशासन विभाग के माध्यम से वर्ष 2016 में ही स्वीकृति प्रदान की गई है। राज्य शासन की मंशा है कि जिले के प्रत्येक शहरी क्षेत्रों में रैन बसेरा का निर्माण कार्य हो सके, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हो पाया है। इसे पालिका प्रशासन की लापरवाही कहें या फिर जनप्रतिनिधियों की उदासीनता, ऐसे में भवन निर्माण नहीं होने का खामियाजा तो आम लोगों को ही भुगतना पड़ रहा है, जबकि प्रदेश के अन्य शहरों में रैन बसेरा का निर्माण कार्य काफी पहले ही कराया जा चुका है। शहरी क्षेत्रों में प्रतिदिन सैकड़ों की तादाद में लोग अपना कामकाज कराने के लिए पहुंचते हैं, लेकिन ज्यादा दूर से आने के कारण लोगों को वापस घर जाने में काफी परेशानी होती है। ऐसे में लोगों को शहर में ही रात गुजारने की मजबुरी हो जाती है। इस बात को ध्यान में रखकर शहरी क्षेत्रों में रैन बसेरा का निर्माण कार्य कराया जाना है ताकि शहरी क्षेत्रों में रहने वाले बेघर एवं दूरदराज से कामकाज कराने पहुंचे लोगों को इसका लाभ मिल सके। अब सर्दी का मौसम आ चुका है, लेकिन जिला मुख्यालय में सिर छुपाने की सार्वजनिक जगह की कमी खल रही है। मजबुरन होटल व लॉज में अधिक किराया देकर लोगों को रात गुजारनी पड़ रही है।




#### ली जाएगी जानकारी

शहर में रैन बसेरा के लिए जमीन का चयन एवं राशि स्वीकृत को लेकर फाइल का अवलोकन किया जाएगा। साथ ही साथ बढते ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था की गई है।

-संजय सिंह, प्रभारी सीएमओ जांजगीर-नैला

#### नौ साल पहले मिली है प्रशासकीय स्वीकृति

नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला में रैन बसेरा का निर्माण कार्य के लिए वर्ष 2016 में 48 लाख 95 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति भी मिल चुकी है ताकि शहर में सर्व सुविधा युक्त रैन बसेरा का निर्माण कार्य पूरा किया जा सके, लेकिन राशि स्वीकृत होने के बावजूद अब तक पालिका प्रशासन द्वारा जमीन तक का चयन नहीं किया जा सका है। ऐसे में शहरी क्षेत्र में रैन बसेरा का निर्माण कार्य कब तक पूरा होगा यह कह पाना भी अभी बड़ा मुश्किल लग रहा है।

#### 8 कमरों का बनाया जाना है भवन

जिला मुख्यालय जांजगीर में नगर पालिका परिषद द्वारा 8 कमरों का सुसज्जित रैन बसेरा का निर्माण कार्य कराया जाना है। रैन बसेरा में नियमानुसार प्रसाधन, पेयजल एवं कूलर-पंखा के साथ टीवी की भी समुचित व्यवस्था की जानी है ताकि दूर दराज से ठहरने के लिए पहुंचे लोगों को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो, लेकिन निर्माण कार्य तो दूर पालिका प्रशासन द्वारा अब तक जमीन का चिन्हांकन नहीं किया जा सका है

# फसल बीमा से किसानों का मोहभंग जागरूक नहीं कर पा रहा अमला

जिले में 1 लाख 23 हजार पंजीकृत किसान, 25 हजार ने कराया बीमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




धान की फसल खराब हो जाने की स्थिति में उसका नुकसान भरपाई को लेकर व्यवथा बनाई गई है, जिसके तहत फसल बीमा किया जाना रहता है। जिले में किसानों का फसल बीमा को लेकर धीरे धीरे मोहभंग हो रहा है। जिले में पंजीकृत किसानों की संख्या 1 लाख 23 हजार को पार कर गई है, लेकिन फसल का बीमा कराने को लेकर किसान जागरूक नहीं है, जिसके चलते महज 25 हजार किसानों ने ही बीमा कराया है।

गौरतलब है कि जांजगीर-चाम्पा जिला कृषि प्रधान है। वहीं प्रदेश में सवार्धिक धान की पैदावार होने के साथ-साथ सबसे अधिक सिंचित जिला भी माना जाता है। धान की फसल को बीमारी एवं अन्य प्राकृतिक आपदा से काफी नुकसान होता है। इसे देखते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत किसानों के द्वारा अपनी फसलों का बीमा कराए जाने की स्थिति में बीमा का लाभ दिया जाना रहता है। जिले में 1 लाख 23 हजार से अधिक पंजीकृत किसानों की संख्या है, जो प्रमुख रूप से धान की खेती करने के साथ-साथ सेवा सहकारी समितियों में धान बेचने के लिए जाते है। वहीं धान की फसल का बीमा कराने को लेकर किसान जागरूक नहीं है। स्थिति यह है कि महज 25 हजार किसानों ने ही प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ लेने बीमा कराया है। धान सहित अन्य फसल खराब अथवा नुकसान होने की स्थिति में पीएम फसल बीमा योजना का लाभ किसानों को मिलता है। जिले के पामगढ़, अकलतरा, बलौदा, बम्हनीडीह एवं नवागढ़ ब्लाक में बड़े पैमाने किसान धान की खेती तो करते है, लेकिन फसलों की बीमा कराने को लेकर ध्यान तक नही देते है, जिसके कारण किसानों को इसका लाभ तक नहीं मिलता। वहीं जिम्मेदार अफसर बीमा कराने को लेकर किसानों को जागरूक तक नहीं करते है। आंकड़ो पर गौर करे तो दो सालों के भीतर पीएम फसल बीमा का लाभ लेने के लिए 29 हजार 736 किसानों ने बीमा कराया जिसमें महज 508 किसानों को ही बीमा का लाभ मिल पाया है। वर्ष 2023 में 15 हजार 572 किसानों ने 3 करोड़ 71 लाख से अधिक का बीमा कराया जिसमें 1 लाख 15 हजार 380 रुपए का बीमा किसानों को मिला। इसी प्रकार वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ लेने के लिए 14 हजार 164 किसानों ने करीब 3 करोड़ 38 लाख रुपए का बीमा कराया जिसके तहत कृषकों को 4 लाख 83 हजार रुपए बीमा का लाभ मिला। वहीं वर्ष 2025 में जांजगीर-चाम्पा जिले के 25 हजार 688 किसानों ने फसल बीमा कराया है, जिसके तहत करीब 3 करोड़ 82 लाख रुपए की राशि फसल बीमा के रूप में किसानों से बीमा कंपनी के द्वारा ली गई है।

#### देते हैं लाभ

पीएम फसल बीमा के तहत फसल नुकसान होने की स्थिती मे बीमा का लाभ निजी कंपनियो के द्वारा किसानो को दिया जाता है। फसल बीमा कराने को लेकर किसानो को जागरूक करते है।

-ललित मोहन भगत, उपसंचालक कृषि, जांजगीर-चाम्पा

# घिवरा से लेकर चंद्रपुर तक राज्य मार्ग का हाल-बेहाल, धूल के गुबार से आवागमन मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

लोक निर्माण विभाग संभाग चांपा के अंतर्गत ग्राम पंचायत घिवरा, मल्दा से डभरा चंद्रपुर तक राज्य मार्ग की हालत बद्तर हो चुकी है। इस मार्ग पर जगह-जगह बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढा बन गया है, जिसके कारण इस राज्य मार्ग पर चलने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

#### खास बात

- धूल से राहत पाने कराया जा रहा पानी का छिड़काव

गौरतलब है कि सक्ती जिला के जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत घिवरा और मल्दा से लेकर डभरा - चंद्रपुर तक इस राज्य मार्ग की हालत बहुत ज्यादा खराब हो गई है। यह राज्य मार्ग जांजगीर चांपा जिला और सक्ती जिला को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। इसी राज्य मार्ग से यात्री बसें, ऑटो, मोटरसाइकिल, ट्रैक्टर, ट्रक, कैप्सूल हाईवा आदि बड़ी-बड़ी गाड़ियां शिवरीनारायण, बिलासपुर, रायपुर, बलौदा बाजार, रायगढ़ ,कोरबा जिला और आदि अन्य शहरों के लिए आते जाते हैं। रोजाना हजारों की तादाद में चलने वाले वाहन चालकों को इस राज्य मार्ग में बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे बन गए है। बदहाल सड़क पर दिनभर धुल का गुबार छाया रहता है। ऐसे में इस मार्ग पर जरा सी चूक जानलेवा साबित हो सकती है। बरसात के दिनों में कई वाहन पलट चुके हैं, लेकिन बरसात के जाने के बावजूद भी इस राज्य मार्ग में बने बड़े-बड़े जान लेवा गड्ढा को आज तक लोक निर्माण विभाग के द्वारा मरम्मत नहीं कराया गया है। लिहाजा ठंड के दिनों में भी धूल का अंबार लग रहा है। धूल से बचने के लिए स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा सड़क के ऊपर पानी डाल दिया जा रहा है। सड़क के ऊपर बने बड़े-बड़े गड्ढा में पानी डालने से बरसात जैसे नजारा देखने को मिल रहा है। वाहन चालकों को सड़क के गढ्ढा में पानी भरने से वाहन चलाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बहरहाल कारण चाहे जो भी हो लेकिन घिवरा, मल्दा से लेकर डभरा ,चंद्रपुर तक इस राज्य मार्ग में बने बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढा के कारण वाहन चालकों को बेवजह परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वाहन चालकों ने कलेक्टर से सड़क मरम्मत की मांग की है।


बदहाल सड़क पर पानी छिड़काव के बाद भी उड़ता धूल का गुबार।

# जिले के 167 गांवों में नहीं हो सका स्वामित्व योजना का सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के अंतर्गत जांजगीर-चांपा जिले के 402 गांव में ड्रोन के माध्यम से सर्वे करके आबादी भूमि वालों को प्रमाण पत्र वितरण करना है। अब तक 235 गांव में सर्वे का कार्य पूर्ण हो सका है, जबकि अभी भी 167 गांव में सर्वे करना बाकी है, जिसके चलते ग्रामीणों को प्रमाण पत्र का वितरण नहीं हो पा रहा है। ऐसे में ग्रामीणों की दिक्कतें बढ़ गई है।

- आबादी भूमि में रहने वाले ग्रामीणों को वितरण करना है प्रमाण पत्र

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को उनके आबादी भूमि का ड्रोन के माध्यम से सर्वे करके उन्हें प्रमाण पत्र का वितरण किया जाना है ताकि उनके पास संपत्ति संबंधित अधिकार प्रमाण पत्र रहे, वहीं जरूरत के आधार पर ग्रामीण इसे दिखला सके। विभागीय जानकारी के मुताबिक जांजगीर चांपा जिले के 402 गांव में ड्रोन के माध्यम से सर्वे करके प्रमाण पत्र वितरण करने की कार्य योजना बनाई गई है, जिसके अंतर्गत 235 गांव में सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया है वहीं अभी भी 167 गांव में सर्वे कार्य पूरा किया जाना बाकी है। जानकारी के अनुसार जांजगीर तहसील अंतर्गत 50 गांव में सर्वे कार्य पूरा हो चुका है वहीं 36 गांव में सर्वे कार्य पूरा किया जाना बाकी है। इसी प्रकार अकलतरा तहसील में 72 गांव में सर्वे कार्य पूरा हो चुका है जबकि 35 गांव में सर्वे पूरा करना बाकी है। बलौदा तहसील में 63 गांव का ड्रोन के माध्यम से सर्वे किया जा चुका है, जबकि 21 गांव में सर्वे करना अभी बाकी है। पामगढ़ तहसील अंतर्गत 70 गांव में सर्वे पूरा करना है। इनमें अभी 8 गांव में सर्वे करना बाकी है। नवागढ़ तहसील अंतर्गत 37 गांव में सर्वे किया जाना है, जिसके तहत 10 गांव में सर्वे कार्य अभी बाकी है। शिवरीनारायण तहसील के 32 गांव में ड्रोन के माध्यम से सर्वे करना है, जिसमें अभी 13 गांव में सर्वे कार्य नहीं हो पाया है। सारागांव तहसील अंतर्गत 40 गांव में सर्वे करना है, जिसमें अभी 27 गांव में सर्वे कार्य नहीं हो पाया है। बम्हनीडीह तहसील अंतर्गत 38 गांव में ड्रोन के माध्यम से सर्वे करना है, जिसके अंतर्गत अभी 17 गांव में सर्वे कार्य शुरू तक नहीं हो सका है। ऐसे में इन गांवों के आबादी भूमि में रहने वाले ग्रामीणों को संपत्ति अधिकार के अंतर्गत प्रमाण पत्र का वितरण नहीं हो पा रहा है,जिसके चलते ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। आज के बदलते हुए परिवेश में आबादी भूमि का दस्तावेज एवं प्रमाण पत्र जरूरी रहता है ताकि बाद में किसी तरह की परेशानी लोगों को न हो। सर्वे नहीं होने वाले गांवों में ग्रामीणों को प्रमाण पत्र नहीं मिल पा रहा है।



#### इस तरह पूरी की जानी है प्रक्रिया

प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत आबादी भूमि का ड्रोन के माध्यम से सर्वे किया जाना है, जिसके अंतर्गत शुरुआत में भूमि अप के माध्यम से सर्वे करना है तो उसके बाद दूसरे अप में उसे भरा जाना है। तीसरी प्रक्रिया के तहत पटवारी आबादी भूमि का सत्यापन करेंगे इसके बाद संबंधित ग्रामीणों को भूमि संबंधित प्रमाण पत्र का वितरण तहसील एवं ग्राम पंचायत स्तर पर किया जाना है। केंद्र सरकार के द्वारा इस योजना की शुरुआत वर्ष 2020 में की गई थी। जिले में अभी तक 167 गांव में सर्वे नहीं हो सका है, जिसके चलते अभी ग्रामीणों को आबादी भूमि की दस्तावेज मिलने का इंतजार हो रहा है।

#### चल रहा सर्वे कार्य

प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के अंतर्गत जिले के 402 गांव का ड्रोन के माध्यम से सर्वे किया जाना है। अब तक 235 गांव में सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया है बाकी जगहों पर भी काम चलाया जाएगा।

-विनय कुमार पटेल, अधीक्षक भू अभिलेख शाखा जांजगीर-चांपा

गौ संरक्षण के लिए गोबर से उत्पाद बनाने का दिया प्रशिक्षण

# धूपबत्ती और दिये के साथ ही देवताओं की मूर्ति बनाने सिखाई गई विधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

गौ संरक्षण के क्षेत्र में राज्य पुरस्कार पाने वाली संस्था भारतीय कुष्ठ निवारण संघ गौशाला कात्रेनगर चांपा में एक दिवसीय गौ उत्पाद प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं और बच्चों को गोबर से दिये के साथ ही धूपबत्ती और देवी-देवताओं की मूर्ति बनाने की विधि सिखाई गई।

भारतीय कुष्ठ निवारण संघ द्वारा संचालित गौशाला कात्रेनगर, चांपा के तत्वावधान में 14 दिसंबर को एक दिवसीय गौ उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम समाज में गौ संरक्षण, स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार तथा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम दो सत्रों में संपन्न हुआ। प्रथम सत्र सुबह 9:15 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय सत्र दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक चला। पूरे दिन प्रशिक्षण के पश्चात शाम 4 बजे शांति मंत्र के उच्चारण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में दीदी लालिमा जायसवाल, गौ उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण प्रमुख, गौ सेवा गतिविधि छत्तीसगढ़ ने प्रशिक्षक के रूप में सहभागिता की। उन्होंने प्रतिभागियों को गौ आधारित उत्पादों के निर्माण की वैज्ञानिक, पारंपरिक एवं व्यवहारिक विधियों की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान गौमाता के महत्व, गोबर एवं गौमूत्र की उपयोगिता तथा इनके माध्यम से निर्मित उत्पादों से होने वाले स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं आर्थिक लाभों पर भी प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण में गोबर से निर्मित धूपबत्ती, दीपक, लक्ष्मी जी एवं गणेश जी की मूर्तियां, लक्ष्मी जी के चरण चिन्ह, गौमाता की प्रतिमा सहित कई पूजनीय एवं उपयोगी वस्तुओं के निर्माण की विधि सिखाई गई। इसके साथ-साथ काला दंत मंजन, लाल दंत मंजन, गोनाइल, अमृतधारा जैसे दैनिक उपयोग एवं स्वास्थ्य से जुड़े उत्पादों के निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया का भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को कच्चे माल की मात्रा, निर्माण विधि, भंडारण तथा उपयोग संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं।इस अवसर पर आश्रम के सचिव सुधीर देव, लोमसराम एवं घनश्याम तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि गौ आधारित उत्पाद न केवल पर्यावरण के अनुकूल हैं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम में आश्रम के भैया-बहन, सुशील विद्या मंदिर के विद्यार्थी, गौसेवक तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए अनेक भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।


गोबर से दिये बनाती महिलाएं व बच्चे।

### अवैध तरीके से लकड़ी की तस्करी, दो वाहनों को पकड़ा

**जांजगीर-चांपा।** अवैध तरीके से लकड़ी की तस्करी करते हुए दो वाहनों को जब्त किया गया है। मामला शिवरीनारायण क्षेत्र का है। इस संबंध में वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शिवरीनारायण क्षेत्र में मुखबीर के माध्यम से सूचना मिली कि कुछ लोग अवैध तरीके से वाहनों के माध्यम से लकड़ी की तस्करी कर रहे है। सूचना पर टीम के द्वारा लकड़ी को ले जाने के मामले में वाहन चालकों से पूछताछ की गई। इस बीच उनके द्वारा लकड़ी ले जाने को लेकर दस्तावेज के बारे में पूछताछ की गई तो वाहन चालको के द्वारा किसी तरह का जवाब प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इस मामले में वन विभाग की टीम के द्वारा 2 वाहनो और लकड़ी को जब्त किया। जब्त लकड़ी की कीमत 26 हजार रुपए बताई जा रही है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### 21 केंद्रसें में हुई नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा

**कोरबा।** जिले में नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए शहर और ग्रामीण अंचलों में 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जहां 4 हजार 442 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित इस परीक्षा के लिए अक्टूबर महीने में छात्र छात्राओं से फार्म भरवाए गए थे। दिसंबर महीने में परीक्षा आयोजित कर जनवरी में परिणाम घोषित किये जाएंगे और नए शिक्षण सत्र से उत्तीण छात्रों को नवोदय विद्यालय में प्रवेश मिलेगा। परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग के द्वारा तैयारी कर ली गई थी। जवाहर नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा में जिले के 21 परीक्षा केंद्रों पर कुल पंजीकृत विद्यार्थी 6 हजार 133 में से 4 हजार 442 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया तथा 1691 छात्र अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। परीक्षा संपन्न होने के बाद सभी केन्द्राध्यक्ष और पर्यवेक्षक गोपनीय दस्तावेज जमा करने के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय सलोरा में शाम 4 बजे से पहुंचे। जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय द्वारा परीक्षा संचालन का निरीक्षण किया गया। आत्मानंद स्कूल पहुंचकर निरीक्षण किया गया। शहर के अलावा जिन क्षेत्रों में परीक्षा के लिए केंद्र बनाए गए थे। इनमें बरपाली, करतला, कटघोरा, छुरी, पाली, चैतमा, लाफा, तिवरता, गुरसिया, पसान, सिरमिना और पिपरिया जैसे दूरस्थ ग्रामीण अंचल शामिल थे जिनके स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इस व्यवस्था से ग्रामीण अंचल के छात्रों को परीक्षा दिलाने के लिए ब्लॉक मुख्यालय या शहर आने की जरुरत नहीं पड़ी।

### दो दिवसीय एसईसीएल नारी शक्ति खेल महोत्सव



**कोरबा।** प्रतियोगिता में कुल 175 महिलाओं ने विभिन्न खेल जैसे बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम बोर्ड, शतरंज, मटका दौड़, चम्मच दौड़, त्रितांगी दौड़, रिले रेस, क्रिकेट, खो खो, रस्सा कसी, म्यूजिकल चेयर, पिट्ठुल, 50 व 100 मीटर दौड़, जलेबी दौड़, रस्सी दौड़, कीट कीट में भागीदारी लिया। महिलाओं के लिए इस तरह के पहली बार आयोजन से खासा उत्साह और उमंग देखने को मिला, जैसे उनका बचपन लौट आया है। महिलाएं हर खेल में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महाप्रबंधक सचिन टी पाटील मंचस्थ रहे। कुसमुंडा प्रबंधन ने नारी शक्ति खेल महोत्सव का आयोजन कौशलता पूर्वक करने के लिए क्षेत्र में पदस्त सभी महिला कर्मचारियों एवं अधिकारियों के साथ साथ क्षेत्रीय स्तर पर संचालित ऊर्जा महिला मंडल के नेतृत्व में अन्य महिलाओं के समिति जैसे प्रेरणा महिला मंडल, नारी शक्ति महिला मंडल, एकता महिला मंडल और जागृति महिला मंडल के सदस्यों को आमंत्रित कर कई दौर के साथ बैठक कर एकरूपता बनाई गई। अधिक से अधिक भागीदार सुनिश्चित करने के लिए समाचारों पर प्रकाशित खबर के पंपलेट बांटे गए। उनसे राय मसबरा कर खेल प्रारंभ और समापन की तिथि तय की गई। सभी बैठकों में ऊर्जा महिला के अध्यक्षा श्रीमती उज्वला पाटील एवं सचिव श्रीमती सीमा सिंह एवं उनके अन्य सदस्यों का योगदान रहा।

### महिला से मारपीट, अपराधियों के खिलाफ अपराध दर्ज

**कोरबा।** ग्राम माखनपुर में निवासरत एक महिला के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मामला पाली थाना क्षेत्र के ग्राम माखनपुर का है। गांव में निवासरत टिकैतिन बाई उम्र 45 वर्ष पति जोहितराम ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है कि 30 नवंबर की शाम 4 बजे राजपाल सिंह पिता समारसिंह गोड, बहोरिक राम पिता सम्मारसिंह गोड एवं उनके सहयोगियों के द्वारा एक राय होकर नशे में धुत होकर उसके साथ गाली गलौच कर धक्का-मुक्की करते हुए मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है। प्रार्थिया और उसके परिवार वालों को जान से मारने की धमकी देते हुए इनके द्वारा कहा गया कि हमारी पहुंच कलेक्टर तक है, हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता कहते हुए मारपीट की गई है। घायल टिकैतिन बाई ने 30 नवम्बर को पुलिस सहायता केन्द्र चैतमा में शिकायत दर्ज करायी है। पीड़िता ने शिकायत में उल्लेख किया गया है कि उक्त आरोपियों द्वारा लगातार उसके साथ मारपीट व गाली गलौच कर धमकी दी जाती है। पीड़ति ने राजपाल सिंह आयम, बहोरिक राम एवं उसके सहयोगियों के द्वारा की गई मारपीट पर कार्यवाही की मांग की है। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने राजपाल सिंह आयाम, बहोरिक गोड के विरुद्ध बीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# भूविस्थापितों के लिए विकसित किया जा रहा आधुनिक एवं आदर्श टाउनशिप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली एसडीएम रोहित सिंह द्वारा एसईसीएल दीपका क्षेत्र के पुनर्स्थापन एवं पुनर्वास (आर एंड आर) स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसईसीएल सिविल विभाग के अधिकारी तथा एसईसीएल राजस्व विभाग के नोडल अधिकारी रोशन मेश्राम एवं अनिल पाटले भी उपस्थित रहे।

अलग खबर

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पुनर्वास स्थल के प्रत्येक घटक का अवलोकन कर कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन किया। एसईसीएल द्वारा लगभग 46 हेक्टेयर अर्जित भूमि पर ग्राम हरदीबाजार के विस्थापित परिवारों के लिए एक आधुनिक एवं आदर्श टाउनशिप विकसित की जा रही है, जिसे तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा मॉडल आर एंड आर साइट के रूप में डिजाइन किया गया है। टाउनशिप को मुख्य सड़क नेटवर्क से जोड़ने के लिए एनटीपीसी रेलवे लाइन के समांतर लगभग 6 किलोमीटर लंबी एप्रोच रोड के निर्माण की भी योजना शामिल है, जिससे साइट तक आवागमन सुगम, सुरक्षित एवं निर्बाध रहेगा तथा क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और अधिक सुदृढ़ होगी। साथ ही मॉडल आर एंड आर साइट में प्रत्येक पात्र प्रभावित परिवार को 6 डिसमिल का आवासीय प्लॉट प्रदान किए जाने का प्रावधान है। टाउनशिप में रिफलेक्टर एक्ट 2023 के शेड्यूल 3 के अनुरूप सभी आवश्यक बुनियादी नागरिक सुविधाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं। एसईसीएल दीपका क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय मिश्रा, कलेक्टर अजीत वसंत एवं स्थानीय प्रशासन के नेतृत्व में की यह आर एंड आर साइट प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ एवं आदर्श पुनर्वास साइट के रूप में विकसित की जा रही है, जो सामाजिक पुनर्वास एवं बुनियादी विकास के नए मानक स्थापित करेगी।

## एसडीएम व एसईसीएल के राजस्व अधिकारियों ने किया स्थल निरीक्षण

**खास बातें**
- टाउनशिप को मुख्य सड़क से जोड़ने बनेगी 25 किमी की अप्रोच रोड
- थाना व बनेंगी प्रशासनिक इमारतें



**टाउनशिप में मिलेंगी ये सुविधाएं**

सुव्यवस्थित आवासीय क्षेत्र, पार्क एवं हरित क्षेत्र, प्राथमिक व उच्चतर शिक्षा हेतु विद्यालय, स्वास्थ्य सेवाओं हेतु अस्पताल, तहसील एवं पंचायत भवन, सामुदायिक भवन एवं अन्य प्रशासनिक भवन, विद्युत आपूर्ति हेतु सबस्टेशन, बाजार एवं व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स, खेल मैदान, तालाब एवं जल संरचनाएँ, पुलिस थाना तथा अन्य प्रशासनिक इमारतें, सुगम आवागमन हेतु प्रमुख मार्ग एवं आंतरिक सड़कें, इन सभी सुविधाओं का उद्देश्य विस्थापित परिवारों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण आवासीय प्लॉट उपलब्ध कराना है।

## 49 हजार किसानों ने कराया है पंजीयन, 3 हजार किसान ही अब तक बेच सके हैं धान

# धान खरीदी की लिमिट नहीं बढ़ने से बेचने के लिए किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासन के द्वारा धान खरीदी के लिए लिमिट नहीं बढ़ाए जाने के कारण अधिकांश किसान धान बेचने से वंचित होने की स्थिति में आ गए हैं। ऐसे में किसान और प्रबंधकों के बीच वाद विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। लिमिट खत्म होते ही किसानों का टोकन कटना बंद हो रहा है। लिमिट बढाये जाने हेतु खाद्य विभाग को पत्र प्रेषित किये जाने के बाद भी अब तक इस दिशा में किसी तरह की कार्य नहीं हुई है।

जिले में धान खरीदी की शुरुआत को लगभग एक माह होने जा रहे हैं। 49 हजार किसानों ने एग्रोटेक पोर्टल में धान बेचने के लिए पंजीयन कराया था। वर्तमान में जो स्थिति सभी उपार्जन केंद्रों में देखी जा रही है वह धान खरीदी की लिमिट को लेकर सामने आ रही है। समिति प्रबंधकों की मानें तो खरीदी की लिमिट तय कर दिये जाने के कारण किसानों का ऑनलाइन टोकन की लिमिट की मात्रा खत्म होते ही ऑनलाइन टोकन भी किसानों के नहीं कट रहे हैं। कई बार समिति प्रबंधकों और किसानों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो जा रही है। आखिर पंजीयन होने के बाद भी वे धान क्यों नहीं बेच पा रहे है ऐसे तमाम सवाल किसान समिति प्रबंधकों से कर रहे हैं। किसानों के सवालों के जवाब भी प्रबंधकों के पास नहीं है। इसके पीछे जो कारण सामने आया है उसके मुताबिक समिति में खरीदी क्षमता के आधार पर लिमिट तैयार की गई है। उस लिमिट तक जितने किसान टोकन कटा सकते हैं उतने ही किसानों का धान खरीदने का निर्देश जारी किया गया है। एक माह में अब तक 3 हजार किसानों ने ही अपना धान बेचा है।



**नहीं बढ़ी लिमिट तो समितियों में कम आएगा धान**

अगर धान खरीदनी की लिमिट नहीं बढ़ाई गई तो बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष समिति में धान कम आएगा। ऐसा धान खरीदी से जुड़े लोग कहते हैं कि उनके मुताबिक धान खरीदी कम होने के कारण कमीशन की राशि भी कम होगी। परिणाम स्वरुप समिति को लाभ नहीं होने की स्थिति में समितियों को कमीशन की राशि कम हो जाने पर समिति का खर्च चलाना मुश्किल हो जाएगा। समिति को खरीदी से मिलने वाली कमीशन की राशि से ही कर्मचारियों का वेतन और अन्य खर्चे किये जाते हैं।

**रकबा कटने से किसान परेशान**

श्यांग धान सोसाइटी के अध्यक्ष मसतराम मंझवार ने बताया कि धान मंडी में किसान टोकन कटवाने और रकबा कटौती को लेकर काफी परेशान हैं किसानों का समय पर टोकन नहीं कट रहा है जानकर लोग आनलाईन मोबाईल के माध्यम से पहले पहले से टोकन काट ले रहे हैं जिसके कारण अनपढ़ किसान और टेक्नोलॉजी से अनभिज्ञ किसान परेशान हैं साथ ही मंडी पर टोकन काटते समय किसानों के रकबा में भी कटौती की जा रही जिससे किसान अपनी पूरी फसल भी समर्थन मूल्य पर भी नहीं बेंच पा रहे हैं। धान मंडी श्यांग के शाखा प्रबंधक ने बताया कि नोडल अधिकारी को प्रतिदिन खरीदी लिमिट को 15सौ क्विंटल करने के लिए पत्र लिखा गया है लेकिन अभी तक नहीं हो पाया है। किसानों का रकबा में कटौती होने के कारण समस्या हो रही है।

**कहां कितने धान की हुई खरीदी**

एक माह के अंदर सभी छोटे बड़े धान उपार्जन केंद्र में धान की आवक हो चुकी है और खरीदी भी पूरे जोर शोर से हो रही है। एक माह के दौरान सभी उपार्जन केंद्रों से 4 लाख 53 हजार 545 क्विंटल धान खरीदा गया है। इसकी तुलना में 1 लाख 42 हजार क्विंटल धान उठाने के लिए राईस मिलर्स को जारी कर दिया गया है। डीओ जारी होने के बाद किसानों को धान उठाने के निर्देश भी दिए गए हैं। बड़ी समितियों में सबसे पहले धान उठाने का निर्देश दिया गया है। 3 लाख 11 हजार 347 क्विंटल धान अभी समितियों में रखा हुआ है।

### रकबा घटने के मुद्दे को लेकर किसानों ने कलेक्टोरेट घेराव की दी चेतावनी



**कोरबा।** लेमरू उपार्जन केंद्र के अंतर्गत आने वाले सात गांव के किसानों ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि इस तरह की लापरवाही से वह अपना पूरा धान बेच नहीं पा रहे हैं। किसानों ने कहा है कि 7 गांव के 340 पंजीकृत किसानों के द्वारा सोमवार को कलेक्टर कार्यालय घेराव की तैयारी की जा रही है। समय रहते अगर उनके रकबा में सुधार नहीं किया जाता है तो वह आंदोलन करने के लिए तत्पर हैं। लेमरू उपार्जन केंद्र के किसानों ने बताया कि छूटे हुए खसरों के रकबा को ठीक करने के लिए कार्यवाही का निर्देश जारी किया गया है लेकिन शिविर में जाने पर अधिकारियों के द्वारा घुमाया जा रहा है। ऐसे में वह आखिर कितनी बार चक्कर काटें। इस तरह की समस्या का शीघ्र निराकरण करने की आवश्यकता है ताकि किसान बिना किसी परेशानी के अपना पूरा धान बेच सकें।

# जिले के पहले इंग्लिश मीडियम कॉलेज को मिलेगा अपना भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पहले स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कॉलेज को स्वयं का अपना भवन मिलेगा। इसके लिए झगरहा में जमीन का आबंटन जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। प्रारंभिक तौर पर चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। राज्य शासन से भवन निर्माण हेतु फंड जारी कर दिए जाने के साथ लोक निर्माण विभाग को इसकी एजेंसी बनाया गया है।

**खास बातें**
- झगरहा में जिला प्रशासन की ओर से जमीन का हुआ चिन्हांकन
- लोक निर्माण विभाग को बनाया गया निर्माण एजेंसी

पूर्व कांग्रेस सरकार के समय आत्मानंद स्कूल के संचालन के साथ आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कॉलेज की भी शुरुआत की गई थी। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से आत्मानंद कॉलेज की संचालन की स्वीकृति दिए जाने के साथ ही जिला प्रशासन के तत्कालीन प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा कॉलेज के संचालन हेतु विद्युत गृह स्कूल के उपरी तल को इसके लिए चयनित करते हुए इसके संचालन के लिए पीजी कॉलेज के प्राचार्य और स्टॉफ को अधिकृत किया गया था तथा डीएमएफ मद से बिल्डिंग के रंग रोगन के साथ उसे कॉलेज के संचालन के लायक तैयार किया गया।

वर्तमान में कॉलेज में डेढ़ सौ छात्र छात्राएं सभी फैकल्टी में प्रवेश लिए हुए हैं। महाविद्यालय में प्रवेश को लेकर इंग्लिश मीडियम छात्रों का रुझान बढ़ने के कारण इसके लिए नये भवन की आवश्यकता को देखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा कॉलेज की भवन निर्माण हेतु जमीन की तलाश शुरु की। राजस्व अमले के पूरे रिकार्ड खंगालने के बाद झगरहा में भवन निर्माण हेतु जमीन का चिन्हांकन किया गया है। कॉलेज कैंपस निर्माण के लिए 5 एकड़ जमीन की आवश्यकता बतायी गई है। इतने ही जमीन के लिए प्रशासन ने आसपास के सरकारी जमीन का चयन किया है। उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा कॉलेज भवन के निर्माण हेतु जिला प्रशासन को एक बड़ी राशि भी जारी कर दी गई है। लोक निर्माण विभाग को इसकी एजेंसी बनाया गया है।



फाइल फोटो

**जिले में 15 इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालित**

जिले में कुल 15 स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल का संचालन किया जा रहा है। इनमें चार स्कूल को सीबीएसई बोर्ड से मान्यता भी मिल चुकी है जिसमें पंप हाउस, पाली, हरदीबाजार और कटघोरा के साथ स्वामी आत्मानंद के स्कूल शामिल हैं। जहां प्रवेश लॉटरी के माध्यम से होता है जिला प्रशासन के द्वारा हाल ही में स्कूलों के शिक्षक एवं अन्य कार्यालयीन स्टॉफ की भर्ती की गई है। पहली से 12वीं तक एक ही भवन में इन स्कूलों का संचालन होता है। जहां से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद छात्र आत्मानंद कॉलेज में प्रवेश लेते हैं।

# लिंक एक्सप्रेस से कटा गौवंश, आधा घंटा विलंब से पहुंची बिलासपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कोरबा–चांपा रेल सेक्शन में शनिवार को सरगबुंदिया स्टेशन के आगे एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें एक गाय और उसके बछड़े की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। इस घटना के कारण लिंक एक्सप्रेस को काफी देर तक मौके पर रोका गया, जिससे ट्रेन लगभग एक घंटे विलंब से बिलासपुर पहुंची।

कोरबा से होकर दक्षिण भारत के विशाखापट्टनम के लिए चलने वाली लिंक एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय 4:10 बजे कोरबा स्टेशन से रवाना हुई थी। ट्रेन अभी लगभग 20 किलोमीटर की दूरी ही तय कर पाई थी कि सरगबुंदिया स्टेशन से आगे यह हादसा हो गया। ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों के अनुसार, रेलवे ट्रैक के पास मौजूद एक गाय और उसका बछड़ा अचानक ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका और स्टेशन प्रबंधन व जीआरपी को सूचित किया। मौके पर पहुंची टीम द्वारा मृत गोवंश को ट्रैक से हटाए जाने के बाद ही ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया। इस हादसे के चलते लिंक एक्सप्रेस लगभग आधे घंटे की देरी से बिलासपुर पहुंची।



**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**
क्रमांक/Q/रीडर/अ.वि.अ./2025
अकलतरा दिनांक-01/12/2025

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा. अकलतरा में आवेदक गौरव कुमार गोयल, वैभव कुमार गोयल, यंशुल कुमार गोयल तीनों पिता स्व. पवन कुमार गोयल निवासी बलौदा तहसील बलौदा जिला जांजगीर-चांपा छ.ग. द्वारा ग्राम बलौदा तहसील बलौदा प.ह.नं. 13 अवस्थित भूमि खसरा नंबर 2600/6 रकबा 0.013 हे. भूमि का आवासीय मद में व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदन-पत्र के साथ बी-1, खसरा, पांचसाला की प्रति भी प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो दिनांक 15/12/2025 को समय 10.00 बजे तक मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश कर सकते है।

उपरोक्त तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/12/2025 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**अकलतरा**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की ऊँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि।
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. स्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ।
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, बूरिटरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बढ़ाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज, महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# लौट रहा 'मास्टर शेफ इंडिया', रणवीर ने 'धुरंधर' स्टाइल में किया ऐलान...

**नई दिल्ली।** टीवी का सेलिब्रिटी कुकिंग शो मास्टर शेफ इंडिया लौट रहा है। इस लोकप्रिय शो के जज ने इसके नए सीजन का ऐलान किया। शेफ विकास खन्ना ने एक मजेदार पोस्ट के साथ शो के नए सीजन का ऐलान किया। उन्होंने मास्टर शेफ के किचन में कुणाल कपूर की वापसी की खुशखबरी भी शेयर की। विकास खन्ना कहते हैं कि कुणाल सिर्फ एक कलीग नहीं बल्कि उनके सबसे करीबी दोस्त भी हैं। रणवीर बरार ने भी एक मजेदार अंदाज में एक पोस्ट शेयर कर शो के नए सीजन का ऐलान किया। रणवीर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें विकास , रणवीर बरार और कुणाल कपूर मजेदार अंदाज में "धुरंधर' के मोस्ट पॉपुलर सॉन्ग 'एफए9एलए' में डांस करते नजर आ रहे हैं।



## लाइफ Style

# शुभांगी

## 'तन्वी द ग्रेट' के लिए मिला ऑस्ट्रेलिया में पुरस्कार

अभिनेत्री शुभांगी दत्त ने अनुपम खेर की फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' के लिए इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ़ ऑस्ट्रेलिया में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता है। अनुपम खेर की प्रेरणादायक और पसंद की जाने वाली फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को एक और बड़ी खुशी मिली है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस फिल्म की मुख्य शुभांगी दत्त ने इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ़ ऑस्ट्रेलिया में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार अपने नाम किया है। शुभांगी दत्त के साथ इस फिल्म में अनुपम खेर, बोमन ईरानी, पल्लवी जोशी, अरविंद स्वामी, नास्सर, इयान ग्लेन और करण टक्कर जैसे बेहतरीन कलाकार भी हैं। अनुपम खेर ने कहा कि शुभांगी इस अवॉर्ड की पूरी तरह हकदार हैं। उन्होंने तन्वी को बेहद ईमानदारी से निभाया। 'तन्वी द ग्रेट' दिल से बनी फिल्म है और इसे विदेशों में सराहना मिलना हमारे लिए बहुत खुशी की बात है। हम चाहते हैं कि यह फिल्म और भी जगहों तक पहुंचे। अवॉर्ड पर भावुक होकर शुभांगी दत्त ने कहा कि यह अवॉर्ड मेरे लिए बहुत खास है। तन्वी का किरदार निभाने के लिए सच्चाई, हिम्मत, मेहनत और दिल की मजबूती चाहिए थी, और मुझे खुशी है कि दुनिया के लोगों ने इस फिल्म को अपना प्यार दिया। मैं अनुपम सर की आभारी हूँ जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मुझे इतना खूबसूरत रोल दिया। यह सम्मान हमारी पूरी टीम का है। 'तन्वी द ग्रेट' को बेस्ट स्क्रीनप्ले का अवॉर्ड भी मिला है, जो लेखकों अनुपम खेर, अभिषेक दीक्षित और अंकुर सुमन को मिला।

## हॉलीवुड मसाला



# अवतारः फायर... की शानदार शुरुआत

**मुंबई।** जेम्स कैमरून की 'अवतारः फायर एंड एश' 19 दिसंबर को दुनियाभर में रिलीज हो रही है। 'अवतार' और 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' की जबरदस्त सफलता के बाद यह तीसरी किस्त है, जिससे निर्माताओं की बहुत उम्मीदें जुड़ी हैं। भारत में फिल्म के लिए एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है और ताजा कमाई के आंकड़े आ गए हैं। हालांकि, एक मामले में फिल्म, दूसरी किस्त के मुकाबले सुस्त नजर आ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'अवतारः फायर एंड एश' ने भारत में अब तक 50,000 से ज्यादा टिकट बेच दिए हैं।



# बुरे लोगों से दुनिया बचाने निकली 'सुपरगर्ल', धमाकेदार टीजर जारी

**मुंबई।** डीसी यूनिवर्स ने 'सुपरमैन' सीरीज की अगली फिल्म 'सुपरगर्ल' का धमाकेदार टीजर जारी कर दिया है। मुख्य किरदार मिली एल्कॉक निभा रही हैं, जिन्होंने अपने अभिनय से पहले भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है। मिली एक सुपरगर्ल के किरदार में हैं, जिसका मिशन बुरे लोगों से दुनिया को बचाना है, और इसमें उसका साथ एक अनजान लड़की देती है। टीजर पर लोगों ने प्रतिक्रिया दी है। वहीं कुछ को टीजर देखकर फिल्म 'गार्डियंस ऑफ द गैलेक्सी' याद आ गई है। बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सुपरगर्ल' के टीजर ने सोशल मीडिया पर आते ही तहलका मचा दिया है। प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने लिखा, 'आखिरकार सुपरगर्ल को सही तरीके से पेश किया गया है!' दूसरे ने लिखा, 'मुझे यह बहुत पसंद आया!!' एक अन्य ने लिखा, 'यह मार्वल की गार्डियंस ऑफ द गैलेक्सी की याद दिलाती है, लेकिन ज्यादा महिला बॉस के साथ।' 'सुपरगर्ल' का निर्देशन क्रेग गिलेस्पी ने किया है।



# बॉयफ्रेंड संग निकलीं सैर-सपाटे पर...


**मुंबई।** टीवी शो 'कितनी मोहब्बत हैं' की अभिनेत्री कृतिका कामरा इस वक्त खूब चर्चा में हैं। 12 दिसंबर को उनकी फिल्म 'द ग्रेट शम्सुद्दीन फैमिली' जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हुई है, जिसे लोगों ने ठीक-ठाक बताया है। दूसरी ओर, अभिनेत्री अपने बॉयफ्रेंड गौरव कपूर के साथ सैर-सपाटा का आनंद उठा रही हैं। कृतिका ने हाल ही में सोशल मीडिया पर गौरव संग अपने रिश्ते की पुष्टि की है। वीडियो में दोनों को साथ देखकर उनके प्रशंसक भी काफी खुश हैं। कृतिका और गौरव ने रिश्ता आधिकारिक करने के बाद, पहली बार सार्वजनिक तौर पर उपस्थिति दर्ज कराई है। वीडियो में दोनों का लुक काफी कैजुअल नजर आ रहा है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लगे हैं। कृतिका और गौरव को साथ में देखकर प्रशंसक भी वीडियो पर दिल वाली इमोजी भेज रहे हैं।




# पापियों की दिशा-दशा बदलने आए वरुण

**मुंबई।** जी स्टूडियो के बैनर तले निर्मित आगामी फिल्म 'राहु केतु' के नए पोस्टरों ने लोगों को उत्साहित कर दिया है। फिल्म में पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा मुख्य किरदार में हैं। उनके साथ शालिनी पांडे नजर आएंगी। टीजर से फिल्म की कहानी का अंदाजा लग गया था, लेकिन अब पुलकित और वरुण के किरदारों का नए अंदाज में पेश किया गया है। निर्माताओं ने पोस्टर के जरिए बताया कि 'राहु केतु' पापियों की दिशा और दशा बदलने आ रहे हैं। इस आगामी कॉमेडी फिल्म में, वरुण राहु का किरदार निभा रहे हैं। उनका पोस्टर जारी करते हुए निर्माताओं ने लिखा, 'आ गए हैं राहु, जो तोड़ेंगे सबके पापों का घड़ा!' पुलकित केतु के किरदार में हैं, जिनके पोस्टर के साथ कैप्शन दिया गया, 'ये हैं केतु, जिनके आने से बदलेगी पापियो की दशा और दिशा!'

## टीवी मसाला



# शहजादी है तू दिल की का नया प्रोमो रिलीज

**मुंबई।** स्टार प्लस के शो शहजादी है तू दिल की का नया प्रोमो रिलीज हो गया है। स्टार प्लस हमेशा से ही दर्शकों के लिए अलग और याद रहने वाली कहानियां लाने के अपने वादे पर कायम रहा है। टेलीविजन के कुछ सबसे आइकॉनिक और ट्रेंड सेट करने वाले शो देने वाला यह नंबर-वन चैनल अब एक बार फिर एक दमदार कहानी लेकर लौटा है, अपने नए ड्रामा 'शहज़ादी है तू दिल की' के रूप में। यह शो, जिसका हाल ही में प्रीमियर हुआ है, अपनी दिलचस्प कहानी और गहरी भावनाओं के कारण दर्शकों को शुरू से ही बांधने में सफल रहा है। मौजूदा ट्रैक में हम देखते हैं कि दीपा, अपने पति की तलाश में हैदराबाद पहुँचती है, लेकिन वहां उसे एक ऐसा सच पता चलता है जो उसकी पूरी ज़िंदगी हिला देता है।

दरअसल उसका पति उसे शुरू से ही झूठ बोलता आ रहा था। दीपा की यह यात्रा एक बड़े सवाल को सामने लाती है कि इतने बड़े धोखे के बाद क्या वह फिर कभी किसी पुरुष पर भरोसा कर पाएगी? शो के नए प्रोमो में कहानी भावनात्मक मोड़ लेती है। हम देखते हैं कि दीपा अपने बच्चे के पिता की तलाश में बेचैन होकर इधर-उधर भटक रही है। वह अपनी ज़िंदगी और अपने भविष्य को लेकर एक साफ़ जवाब चाहती है। लेकिन इसी तलाश में उसे एक ऐसा सच मिलता है जो उसका दिल तोड़ देता है, उसका पति, भानु, दूसरी शादी कर चुका है। जब दीपा उसका सामना करती है, तो भानु मान लेता है कि उसने यह कदम अपनी माँ के दबाव में उठाया था। यह सच सुनकर दीपा पूरी तरह टूट जाती है। दर्द और सदमे के बीच वह फैसला करती है कि अब उसे खुद को इन टूटे हालात से बाहर निकालना होगा और नई ज़िंदगी खड़ी करनी होगी। ठीक उसी समय, जब वह हिम्मत जुटाकर आगे बढने की कोशिश करती है, किस्मत उसे कार्तिक के सामने ला खड़ा करती है। यहीं से उसकी कहानी एक नए और बेहद ताक़तवर मोड़ की ओर बढ़ती है।

# अभय वर्मा की फिल्म 'छूमंतर' से बाहर हुईं अनन्या पांडे...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे कामकाजी जिंदगी को लेकर खूब चर्चा में हैं। एक तरफ वह आगामी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इसमें उनके साथ अभिनेता कार्तिक आर्यन मुख्य किरदार में नजर आएंगे। दूसरी तरफ अभिनेत्री अमेजन प्राइम वीडियो की वेब सीरीज 'कॉल मी बे' के दूसरे सीजन की तैयारी में जुटी हैं। हालांकि, नई जानकारी प्रशंसकों का दिल तोड़ देगी क्योंकि आगामी फिल्म 'छूमंतर' से अनन्या बाहर हो गई हैं।

***'छूमंतर' छोड़ने की वजह काफी बड़ी :*** मीडिया से बातचीत में एक सूत्र ने अनन्या द्वारा अभय वर्मा अभनीत 'छूमंतर' छोड़ने की वजह बताई है। सूत्र ने कहा, फिल्म की टीम जनवरी, 2026 में शूटिंग शुरू करने की योजना बना रही है। यह 'कॉल मी बे 2' की शूटिंग से टकरा रहा है, जिसकी शूटिंग हाल ही में शुरू हुई है। इसलिए अनन्या और 'छूमंतर' के निर्माताओं ने जल्द ही साथ काम करने के वादे के साथ अलग होने का फैसला किया है।"

***इन अभिनेत्रियों के नाम पर चर्चा :*** सूत्र ने



कहा, पिछले हफ्ते 3 कलाकारों संग एक मॉक शूट हुआ था। इस फैंटेसी रोमांटिक ड्रामा की तैयारी कई महीनों से चल रही है और अगले हफ्ते से वर्कशॉप शुरू होने की संभावना है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'छूमंतर' से अनन्या की विदाई के बाद कास्ट में कथित बदलाव हुए हैं। 'वश' अभिनेत्री जानकी बोडीवाला और श्रीलीला, अभय के साथ 'छूमंतर' का हिस्सा बन सकती हैं। इस बीच, अनन्या की फिल्म "तू मेरी मैं तेरा..." 25 दिसंबर को रिलीज होगी।

# रजनीकांत को इन फिल्मों ने बनाया सिनेमा का सुपरस्टार

**मुंबई।** सिनेमा के दिग्गज सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्मों का हर किसी को बेसब्री से इंतजार रहता है। फिल्मी पर्दे पर जबरदस्त एक्शन करना और बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ना इस बात का सबसे बड़ा सबूत है। 'थलाइवा' नाम से मशहूर रजनीकांत 74 साल के हो गए हैं, लेकिन अपने हर स्टाइल से वह युवा अभिनेताओं को कड़ी टक्कर देते हैं। आइए उनकी उन फिल्मों के बारे में जानें, जिन्होंने उन्हें सिनेमा के सुपरस्टार का खिताब दिलाया है।

**'रोबोट' फ्रैंचाइजीः** रजनीकांत की सांइस-फिक्शन फिल्म 'रोबोट' साल 2010 में रिलीज हुई थी। ऐश्वर्या राय मुख्य अभिनेत्री के रूप में नजर आईं। फिल्म को दुनियाभर से बेशुमार प्यार हासिल हुआ था। निर्माता 2018 में इसकी दूसरी किस्त '2.0' लेकर आए जिसमें अभिनेता अक्षय कुमार अहम किरदार में थे। इस फिल्म ने दुनियाभर में 675



करोड़ रुपये की शानदार कमाई कर डाली। अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद '2.0' की कहानी रोबोट चिट्टी और मनुष्य पक्षी के बीच प्रकृति बनाम तकनीक पर आधारित है।

**'जेलर' और 'कबाली' :** वर्ष 2023 में रजनीकांत की फिल्म 'जेलर' रिलीज हुई जिसने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया। इसने दुनियाभर में 605 करोड़ का कारोबार किया था। अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद यह फिल्म मुथुवेल पांडियन नाम के एक रिटायर्ड जेलर के इर्द-गिर्द घूमती है। रजनीकांत की फिल्म 'कबाली' भी कमाई में पीछे नहीं रही। जियो हॉटस्टार पर मौजूद इस फिल्म ने दुनियाभर में 295 करोड़ का कारोबार किया था। फिल्म की कहानी मजदूरों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ बुनी गई है।


**'दरबार' और 'कुली':** रजनीकांत की फिल्म 'दरबार' ने दुनियाभर में 226 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। प्राइम वीडियो पर मौजूद इस फिल्म की कहानी मुंबई पुलिस और कुख्यात ड्रग तस्कर के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म ने अभिनेता ने पुलिस कमिश्नर आदित्य का किरदार निभाया है। 2025 में रजनीकांत की फिल्म 'कुली' रिलीज हुई, जिसने 516.93 करोड़ रुपये का बंपर कलेक्शन किया। इस फिल्म की कहानी कुली यूनियन नेता के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने दोस्त की हत्या का बदला लेना चाहता है।

## 'छावा' 150 करोड़ में बनी, इस फिल्म ने दुनियाभर में 808.7 करोड़ कमाए

# 'धुरंधर' से पहले इन फिल्मों ने 2025 में की खूब कमाई, दुनियाभर में बजा डंका

***मुंबई।*** *अभिनेता रणवीर सिंह की हालिया रिलीज फिल्म 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है। फिल्म ने सिर्फ 6 दिनों में 180 करोड़ से ज्यादा कारोबार कर लिया है, जबकि दुनियाभर में आंकड़ा 274 करोड़ के पार हो गया है। 2025 के जाने से पहले बॉक्स ऑफिस को एक और जश्न मनाने का मौका मिल गया है। 'धुरंधर' से पहले 2025 में कई फिल्में आईं जिन्होंने न सिर्फ बजट वसूला, बल्कि अपनी कमाई से दुनियाभर में तहलका भी मचाया।*

### 'कांतारा 2' और 'छावा'




आईएमडीबी की रिपोर्ट के मुताबिक, पहला नाम सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी का है, जिनकी 'कांताराः चैप्टर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। इस फिल्म का बजट 130 करोड़ था, और इसने दुनियाभर में 853.4 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन किया है। हिंदी फिल्मों में यह रिकॉर्ड विक्की कौशल के नाम रहा। उनकी ऐतिहासिक फिल्म 'छावा' ने इस साल की शुरुआत में धूम मचा दी। 150 करोड़ में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में 808.7 करोड़ कमाए हैं।



### 'सैयारा' और 'कुली'

मोहित सूरी की फिल्म 'सैयारा' ने 2025 में लोगों की खूब वाहवाही लूटी। अहान पांडे और अनीत पड्डा अभिनीत फिल्म ने दुनियाभर से 575.8 करोड़ रुपये बटोरे। फिल्म का बजट सिर्फ 50 करोड़ रुपये है। दूसरी तरफ, बॉक्स ऑफिस पर सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'कुली' का बोलबाला रहा। इस फिल्म को बनाने में निर्माताओं ने 350 करोड़ खर्च किए। रिलीज के बाद 'कुली' ने दुनियाभर में 516.7 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया। इस फिल्म में आमिर खान का कैमियो है।



### महावतार नरसिम्हा' और 'लोकाः चैप्टर 1- चंद्रा'

2025 में उम्मीदों से परे जाकर एनिमेटेड फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' ने हर किसी की तारीफ बटोरी। अश्विन कुमार द्वारा निर्देशित इस फिल्म को सिर्फ 40 करोड़ के बजट में बनाया गया, लेकिन दुनियाभर में 326.1 करोड़ कमाते हुए इसने निर्माताओं को मालामाल कर दिया। इसके अलावा, 'लोकाः चैप्टर 1- चंद्रा' भी दर्शकों द्वारा खूब पसंद की गई। दुलकर सलमान द्वारा निर्मित 40 करोड़ बजट वाली इस फिल्म ने दुनियाभर से 302.1 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन किया है।

## खबर संक्षेप

### छग स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन एम्प्लॉईज एसो. के निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए अमित



**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन एम्प्लॉईज एसोसिएशन की प्रदेश स्तरीय बैठक रायपुर में सम्पन्न हुई। बैठक में एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी के गठन हेतु निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई गई जिसमें अमित पाण्डेय को निर्विरोध रूप से प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। उल्लेखनीय है कि अमित पाण्डेय वर्तमान में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक के पद पर अकलतरा में पदस्थ हैं। उनके निर्विरोध निर्वाचन पर उपस्थित सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की अपेक्षा जताई। बिलासपुर के नोडल अधिकारी अरुण सिंघल को एसोसिएशन का कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई तथा कर्मचारियों के हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन एम्प्लॉईज एसोसिएशन के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय अधिवेशन में हुआ



### शिक्षा सारांश का विमोचन

**जांजगीर-चांपा।** महाकाल की नगरी उज्जैन स्थित श्री मौनतीर्थ हिंदी विद्यापीठ आश्रम में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के प्रथम दिवस 13 दिसंबर शनिवार को जांजगीर चांपा जिले से प्रकाशित शैक्षिक मासिक पत्रिका शिक्षा सारांश के 31 वे अंक का विमोचन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर मौन तीर्थ आश्रम के सदस्यों सहित देश भर के अलग अलग राज्यों से पहुंचे विद्वान, लेखकगण, साहित्यकार, शिक्षकगण उपस्थित रहे जिनके हाथों पत्रिका का विमोचन हुआ। इस अवसर पर पत्रिका के संबंध में मंच से जानकारी देते हुए पत्रिका के प्रधान संपादक शिक्षक राजेश कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में इस पत्रिका का निः शुल्क प्रकाशन किया जा रहा है। यह जांजगीर चांपा जिले के नवाचारी शिक्षकों के समूह द्वारा तैयार किया जाता है। पत्रिका के संरक्षक सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े है। राज्य भर के शिक्षकों के नवाचार को इस पत्रिका में निः शुल्क प्रकाशित किया जाता है। इस अवसर पर शिक्षकगण राजेश कुमार सूर्यवंशी, नरेंद्र कुमार राठौर, नरेश राम कारके, श्रीमती सत्या सूर्यवंशी, श्रीमती सरोज सिंह सर्वे, श्रीमती चंद्रिका भवानी, श्रीमती रमेश कारके, उमेश तेंदुलकर, हेमंत कुमार श्रीवास बिलाईगढ़ सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### पतेरापाली कला में धान खरीदी का शुभारंभ

**सक्ती।** सक्ती विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पतेरापाली कला में धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ पूर्व विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश महामंत्री डॉ. खिलावन साहू द्वारा किया गया। डॉ. साहू ने विधिवत पूजा-अर्चना एवं श्रीफल तोड़कर खरीदी कार्य की शुरुआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जब भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार रही है, किसानों की उन्नति के लिए निरंतर सकारात्मक एवं दूरदर्शी फैसले लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विष्णु देव साय सरकार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान तथा प्रति क्विंटल 3100 रुपये के मानक पर खरीदी कर रही है, जो किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति आयुष शर्मा, मण्डल

## निधन

### सतीश दुबे

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम अमोरा के प्रतिष्ठित नागरिक एवं नगर सेना में पदस्थ सतीश दुबे का 54 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। वे श्रवण दुबे, ईश्वर दुबे के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार जांजगीर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नागरिक एवं परिजन शामिल हुए।



### सत्यनारायण कश्यप

**राहौद।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक सत्यनारायण कश्यप (आरटीओ सलाहकार)का आकस्मिक निधन रविवार 14 दिसंबर को हो गया। अंतिम संस्कार नगर के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र केशव कश्यप ने दी। उनके अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधु एवं नगरवासी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



स्काउट अंशदान संबंधी पत्रों पर जानकारी नहीं मिलने पर व्यक्त की नाराजगी

# स्काउट गाइड के सम्मेलन में आगामी गतिविधियों को लेकर बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दुधली (बालोद) में आयोजित होने वाली इंटरनेशनल रोवर रेंजर जम्बूरी में जिले को प्रदत्त कोटा के अनुसार सीनियर स्काउट्स, गाइड्स एवं रोवर-रेंजर्स की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। बच्चों की यात्रा एवं अन्य व्यय की व्यवस्था के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे तथा आवश्यक पत्राचार भी किया जाएगा।

यह बात मुख्य अतिथि हितेश यादव जिला मुख्य आयुक्त, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ ने कही। वे जिले के स्काउटर-गाइडर्स को संबोधित कर रहे थे। श्री यादव ने कहा कि समस्त प्राचार्यों को पत्र जारी होने के बाद उनकी व्यक्तिगत उपस्थिति अपेक्षित नहीं होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिले के प्रत्येक शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय में स्काउट-गाइड एवं रोवर-रेंजर यूनिट का संचालन सुनिश्चित करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी से चर्चा कर प्राचार्यों की बैठक बुलाई जाएगी। बैठक में बालोद जम्बूरी विषयक एवं स्काउट अंशदान संबंधी पत्रों पर जानकारी नहीं मिलने पर नाराजगी भी व्यक्त की गई।



प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान करते अतिथि।

अंशदान नहीं देने वाले विद्यालयों को भेजा जाएगा रिमाइंडर-बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला सचिव दीपक कुमार यादव ने बताया कि जिले के समस्त विद्यालयों को स्काउट-गाइड दल पंजीयन एवं अंशदान के लिए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पत्र भेजा गया है, लेकिन अंशदान के अभाव में राज्यांश नहीं भेजा जा सका है। उन्होंने कहा कि अंशदान जमा नहीं करने वाले विद्यालयों की सूची जारी कर उन्हें तत्काल नियमानुसार राशि जमा करने के निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही शासन के निर्देशानुसार समस्त स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में स्काउट-गाइड यूनिट पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डीओसी स्काउट डॉ. सुरेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि ग्रैंड फिनाले डायमंड जम्बूरी में जिले का प्रदर्शन सराहनीय रहा। डीओसी गाइड्स एवं ओवायएमएस प्रभारी कु. श्वेता जायसवाल ने बीएसजी यूआईडी निर्माण एवं बीएसजी इवेंट पंजीयन का प्रशिक्षण देते हुए बताया कि इसके बिना जम्बूरी में सहभागिता संभव नहीं है। जिला प्रशिक्षण आयुक्त पूरन लाल पटेल ने निःशुल्क वारंट, चार्टर एवं बेसिक प्रशिक्षण शिविर की जानकारी दी। बैठक में तृतीय सोपान, बेसिक प्रशिक्षण शिविर, सत्र 2025-26 की अंतिम तिमाही कार्ययोजना एवं 2026-27 की प्रस्तावित कार्ययोजना पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

**लखनऊ जम्बूरी के प्रतिभागी सम्मानित**-इस अवसर पर लखनऊ जम्बूरी में सहभागी स्काउट्स-गाइड्स को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में शा.उ.मा.वि. मड़वा से कु. सोनाली पटेल, कु. पूर्वशी साहू, शा.उ.मा.वि. भड़ेसर से कु. काजल पटेल, शा.उ.मा.वि. करमंदा से कु. प्रिया कर्ष, शा.पू.मा.वि. अंगारखार से आर.बी. सत्यजीत राय, शा.उ.मा.वि. सिवनी से मोहनीश बरेठ, शा. कन्या उ.मा.वि. खोखरा से अरुण कुमार बरेठ, अरमान श्रीवास, जयशंकर बरेठ, शा.पू.मा.वि. खोखरा से कोमल बरेठ, शा.उ.मा.वि. किरीत से करमा कुर्रे, शा. हाई स्कूल करमा से प्रशांत राजवाड़े तथा सर्विस रेंजर कु. रंजीता खूंटे शामिल हैं।



महिलाओं को जानकारी देते मास्टर ट्रेनर।

# बिहान की कृषि व पशु सखी लें रहीं कृषि उद्यमी का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

पशु सखी वह प्रशिक्षित महिला होती है, जो अपने गांव या पंचायत में पशुओं की देखभाल स्वास्थ्य सेवाएं और जागरूकता फैलाने का कार्य करतीं हैं। यह बिहान एनआरएलएम के तहत चयनित होती हैं और ग्रामीण पशुपालकों के साथ जुड़कर पशुधन आधारित आजीविका को मजबूत करने में सहयोग करती हैं। इसी तरह क़ृषि सखी गांव स्तर पर क़ृषि के क्षेत्र में तकनिकी सहायता देना और टिकाऊ खेती को बढ़ावा देना होता है। उक्त बातें ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान नन्दौरखुर्द सक्ती में आयोजित 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल जैजैपुर और मालखरौदा के बिहान की क़ृषि सखी व पशु सखी दीदियों को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत सक्ति के डीएमएम राजीव श्रीवास ने व्यक्त किया। उन्होंने बिहान में क़ृषि सखी और पशु सखी दीदियों की भूमिका को लेकर क़ृषि और पशुपालन तथा आजीविका गतिविधियों के बारे विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में फेकेल्टी विक्टर कोसरिया, ऑफिस असिस्टेंट संगीता सोनी, प्रदीप कुमार, अटेंडर मितेश कुमार साहू, मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव, धनेश्वरी साहू, गनेशी लहरे, गायत्री साहू, गीता बाई कुर्रे, गुंजिया जाटवर, कामेश्वरी शायर, कुमारी बाई, लक्ष्मीन तेंदुलकर, नीलम दिब्य, प्रमिला बर्मन, रेवती बाई पटेल, रिंकी महंत, रोहिणी बरेठ, रुखमणि साहू, संजू साहू, सालनी साहू सुक्रिता भारद्वाज, सुप्रिया खूंटे, सुलोचनी बर्मन, सुशीला देवी, उषा चंद्रा, अनिता चंद्रा, पवन कुमारी, अनिता रात्रे, मंजू बर्मन, रौशनी भारद्वाज, दिलकुमारी, रामकुमारी यादव शामिल हैं।

## भाजपा जिला सोशल मीडिया संयोजक बने गौरव



**पामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी जिला जांजगीर-चांपा की नवीन कार्यकारणी की सूची घोषित की गई है, जिसमें सोशल मीडिया विभाग के संयोजक गौरव तिवारी (कोसला) को बनाया गया है, जिसके लिए उन्होंने संगठन के शीर्ष नेतृत्व से भेंट मुलाकात कर आशिर्वाद, मार्गदर्शन प्राप्त किया। जांजगीर में खनिज विकास निगम के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सौरभ सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े को भगवा गमछा भेंट कर व मिठाई खिलाकर गौरव तिवारी ने धन्यवाद आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, जिला आईटी सेल संयोजक अनिल शर्मा, सोशल मीडिया जिला सह-संयोजक राकेश रूपवानी, भाजपा कार्यकर्ता रमेश कुमार कश्यप मौजूद रहे। सोशल मीडिया विभाग के संयोजक बनाए जाने पर गौरव तिवारी ने संगठन के प्रति पूरे समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करने की बात कही।

# अपने राष्ट्र के लिए हमेशा रहना होगा सजग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर शक्ति नगर के हृदय स्थल पर विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता भागवत आचार्य राजेंद्र महाराज एवं मुख्य वक्ता लक्ष्मी नारायण सोनी विभाग सह कार्यवाह

- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर विराट हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन

कोरबा, तुलसी बहन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शक्ति द्वारा भगवान श्री राम की मूर्ति एवं भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलन पूजन के साथ शुभारंभ किया गया।

सर्वप्रथम तुलसी बहन ने कहा कि हिंदुत्व एक जीवन पद्धतिहै। ईश्वर के प्रति आस्था और सनातन मार्ग पर चलने की प्रेरणा हिंदुत्व जीवन पद्धति ही सिखाती है भारत हिंदुत्व और सनातन से ओतप्रोत राष्ट्र है। इसलिए प्रत्येक देशवासी को अपने हिंदुत्व जीवन पद्धति को साकार करते हुए राष्ट्र के प्रति समर्पण और सेवा का भाव अनिवार्य हो। भागवताचार्य राजेंद्र महाराज



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज और राष्ट्र के प्रति जागरण खड़ा करना है और समाज के लोगों को यह बताना कि हम सब हिंदू ही हैं भले ही हम किसी भी पंथ के मानने वाले और किसी भी संप्रदाय की क्यों ना हो किंतु हमारी पहचान हिंदू के रूप में ही है। आचार्य ने कहा कि हमें उठाना होगा जागना होगा और अपने राष्ट्र के लिए हमेशा सजग रहना होगा क्योंकि प्रत्येक नागरिक भी इस राष्ट्र का सजग पर प्रहरी है। इसलिए राष्ट्र गौरव को बढ़ाना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। सम्मेलन के मुख्य वक्ता लक्ष्मी नारायण सोनी ने कहा कि भारत के गौरवशाली इतिहास को जानने के लिए इतिहास का छात्र होना जरूरी नहीं है, हमारे देश के स्वर्णिम इतिहास से हमें अपने देश के प्रति जिम्मेदार नागरिक होने का तथा अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होने का ध्यान आता है। आभार नगर संघ चालक कुशराम वर्मा ने किया। सम्मेलन में पूर्व मंत्री मेधा राम साहू, डॉ खिलावन साहू, श्रीमती विद्या सिदार, श्रीमती रीता पटेल, श्रीमती अनीता सिंह, अनूप अग्रवाल, दीपक कुमार गुप्ता, रमेश कुमार अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल डमरू धार देवांगन , ओमप्रकाश राठौर, मनोज गबेल, गोविंद देवांगन, अमर दास मानिकपुरी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा प्रारंभ

**बलौदा।** मेरी युवा बहनों संगठन सोनारपारा बलौदा द्वारा आयोजित संगीतय श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ 11 दिसंबर को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कथा ब्यास आचार्य विजयानंद पाठक है। नवन भवन नैया तालाब के पास आयोजित संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा के पहले दिन गुरुवार 11 नवंबर को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस कथा स्थल पहुंची। यहां वेदी पूजन के बाद ब्यास आचार्य ने श्री शिवपुराण महात्म्य प्रसंग सुनाया। कथा का समापन 19 दिसंबर को हवन, पूर्णाहूति, सहस्त्रधारा, कपिलातर्पण एवं ब्राम्हण भोज के साथ होगा। आयोजन को सफल बनाने कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती रश्मि सोनी, श्रीमती राधा सोनी, ज्योतिरानी सोनी, रजनी सोनी, रीना सोनी, लुभावनी सोनी, रानी सोनी, नम्रता सोनी, भगवती सोनी, राजेश्री सोनी, संगीता सोनी, रुचि सोनी, सत्याप्रिया सोनी, रामेश्वरी सोनी, सोना सोनी एवं रेवती सोनी जुटी हुई है।



# डबरा मठ में सामुदायिक भवन का लोकार्पण

**अकलतरा।** ग्राम कोटमी सोनार के श्रीराम जानकी डबरा मठ में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण कार्यक्रम संत डॉ युधिष्ठिरलाल महाराज सदस्य विहिप केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल दिल्ली के मुख्य आतिथ्य,अध्यक्ष अखिल भारतीय संत समिति छग महंत सर्वेश्वर दास महाराज की अध्यक्षता एवं संत सीताराम दास महंत,गिरिवर दास अकलतरा,सीताराम महाराज कोटमी सोनार, अध्यक्ष जनपद पंचायत अकलतरा श्रीमती शकुन देव अघरिया, पवन यादव भाजपा मंडल अध्यक्ष ,सदस्य जिला पंचायत महादेव नेताम ,व भाजपा नेता आनंद प्रकाश मिरी के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संत डॉ युधिष्ठिरलाल महाराज ने कहा कि मठ मन्दिर आश्रम सभी के लिए है। सनातन धर्म हमे सभी को साथ लेकर चलने की शिक्षा देती है। यह सामुदायिक भवन पूर्व विधायक सौरभ सिंह द्वारा समाज के कार्य के लिए दिए गए है। इस भवन के लोकार्पित होने पर ग्राम वासियों को सामाजिक आयोजन करने में सुविधा प्राप्त होगी। महंत सर्वेश्वर दास महाराज ने बताया कि हिन्दू समाज के सहयोग से डबरा मठ का विकास कार्य चल रहा है। हिन्दू समाज को सँगठित रहते हुए प्रत्येक मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा करना चाहिए जिससे समाज मे ऊर्जा



का संचार हो सके। भाजपा नेता आनंद प्रकाश मिरी ने कहा कि हमारे गांव कोटमीसोनार धर्म प्रचार प्रसार एंव जागृति का केंद्र है। यह सौभग्य की बात है कि धर्म व संस्कृति के प्रचार प्रसार में हम सहयोगी बन रहे हैं। कार्यक्रम को महादेव नेताम,पवन यादव,शकुन देव अघरिया ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन बीरू साहू ने किया। कार्यक्रम में ओमप्रकाश साहू, दशरथ नामदेव, प्रेमसागर कश्यप, भाजपा मंडल महामंत्री सुबोध थवाईत,जितेंद कौशिक, पुष्पेंद्र थवाईत, देवकुमार अघरिया अध्यक्ष सोसायटी,राकेश शर्मा जिला संयोजक बजरंगदल, छोटू कश्यप, मुरली साहू, सतीश दास, ललित सोनी उपस्थित रहे।

# शिवरीनारायण में विकास कार्यों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

नगर पंचायत शिवरीनारायण में कलेक्टर जन्मेजय मोहबे ने शनिवार 13 दिसंबर को एक अहम बैठक ली, जिसमें नगर पंचायत शिवरीनारायण, खरौद एवं ग्राम पंचायत तुस्मा, दूरपा, कनस्दा के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

लगातार शिवरीनारायण के टेंपल सिटी में विकास और स्वच्छता संबंधी बैठक कलेक्टर जन्मेजय महोबे द्वारा ली जा रही है। नगर में महानदी के घाटों एवं पर्यटन की दृष्टि से बहुत सारे कार्य होने है, जिसकी रूप रेखा लगभग तय की जा चुकी है। नगर वाशियो के सहयोग एवं जागरूकता से ही शिवरीनारायण अपने विकास की



बैठक में चर्चा करते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

रफ्तार को और आगे बढ़ाएगा। एक तरफ स्वच्छता की ओर विशेष ध्यान सिंगल यूस पॉलीथिन बंद प्लास्टिक डिस्पोजल में बैन दूसरी ओर डोर टू डोर कचरा कलेक्शन और डस्टबिन रहित शिवरीनारायण को आगे ले जाने एवं टेंपल सिटी को ध्यान रखते हुए उसके अंतर्गत विकास कराना ही उनका प्रमुख उद्देश्य दिखा। साथ ही नौका विहार , वाटर स्पोर्ट्स , सौंदर्यीकरण, फूड जोन ,पार्किंग सभी को व्यवस्थित करने आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

ग्राम लटिया में नशामुक्ति संवाद अभियान चला कर महिलाओं को किया गया जागरूक

# अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध आवाज उठाएं महिलाएं : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अवैध शराब बिक्री एवं बढ़ती नशाखोरी के विरुद्ध ग्राम लटिया में नशामुक्ति जागरुकता अभियान चलाकर महिलाओं को जागरूक किया गया। थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया।

ग्राम लटिया में अवैध शराब बिक्री एवं बढ़ती नशाखोरी के विरुद्ध अकलतरा थाना प्रभारी भास्कर शर्मा एवं जनपद सदस्य ईश्वर साहू के उपस्थिति में संवाद एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने कहा कि यदि महिलाएं जागरूक होकर संगठित हो जाएं और अपने घर-परिवार को नशाखोरी से मुक्त करें, तो समाज में



जागरुकता अभियन में महिलाओं से चर्चा करते थाना प्रभारी श्री शर्मा एवं अन्य।

निश्चित रूप से सकारात्मक बदलाव आएगा। उन्होंने महिलाओं से आगे आकर अवैध शराब बिक्री एवं सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन के विरुद्ध आवाज उठाने का आह्वान किया। जनपद सदस्य ईश्वर साहू ने कहा कि नशाखोरी का सबसे अधिक दुष्प्रभाव बच्चों और युवाओं पर पड़ रहा है। हमारे घरों के बच्चे नशे के आदी होते जा रहे हैं, ऐसे में अभिभावकों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता रंजना सिंह एवं चिराग शर्मा ने कहा कि महिलाएं कमजोर नहीं हैं, बल्कि परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति हैं। अब समय आ गया है कि महिलाएं संगठित होकर आवाज उठाएं और अपने घर-समाज को सुधारने में सक्रिय भूमिका निभाएं। अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी एवं जनपद सदस्य के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं एवं ग्रामीणों ने गांव में रैली निकालकर अवैध शराब बिक्री बंद करने तथा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए नारे लगाए। जागरूकता कार्यक्रम में समाजसेवी पन्ना साहू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

